तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 15 जून 2025

16 छत्तीसगढ़ के 36 शिक्षकों की उद्दीम पुस्तक का विमोचन


16 जनमन योजना से पक्के मकान का सपना हो रहा पूरा : कलेक्टर




## नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। 500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।








संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ ।

अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेंस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.

## खबर संक्षेप

### पूर्व छात्र सम्मेलन आज शामिल होंगे सांसद विधायक




**मैनपुर।** जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित श्री पैरी गंगा महाविद्यालय में पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन 15 जून दिन रविवार को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विशेष अतिथि के रूप में बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ एवं पूर्व सदस्य रेल्वे बोर्ड श्रीमती विभा अवस्थी, सरपंच मैनपुरकला गजेन्द्र नेगी एवं अध्यक्षता उमा देवी बहुउदेदशीय शिक्षा एंव विकास संस्थान के अध्यक्ष अजय मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी पैरी गंगा महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दिया गया है।

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को उपेंद्र यादव वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा ने बताया 14 जून को सुबह करीबन 7 बजे डोकरपाली के बहराभाठा गया था। उसी समय प्रवीण छाबड़ा डोकरपाली के बहराभाठा के पास आया और उसका रास्ता रोककर पूछने लगा कि तुम अवैध शराब बेचते हो, किसके लिये बेचते हो मुझे बताओ। तब प्रार्थी ने कहा कि शराब नहीं बेचता हूं। तब आरोपी प्रवीण छाबड़ा गाली गलौज कहने लगा कि सही-सही बता दो वरना मेरी गाडी बुंदेली रोड तेंदूकोना के पास खड़ी है जिसमें मैं पिस्तौल रखा हूं।

### शिक्षक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ईडब्लूएस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में होने वाले शिक्षक की बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को कमलेश कुमार पटेल ने बताया कि वह ब्लाक नं 8 मकान नं 102 ईडब्लूएस कालोनी हाउसिंग बोर्ड के प्रथम फ्लोर मचेवा महासमुंद में रहता है और प्राशा नांदगांव में शिक्षक है।




# हल्की बारिश में पैरी उद्गम के सौंदर्य में निखार, पर्यटकों को लुभा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र घने पहाडी और जंगल के नाम से जाना जाता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 03 किलोमीटर दूरी पर पैरी उदगम स्थल भाठीगढ की पहाड़ी क्षेत्र हल्की बारिश के साथ इसके चारो तरफ खुबसुरत हरियाली और मनोरम दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। शनिवार और रविवार के दिन यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे हैं, ज्ञात हो कि पैरी उदगम स्थल मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में एक है और यहां पहाड़ी के ऊपर से पैरी नदी का जन्म हुआ है जहां से बारोह माह पानी निकलते रहता है और वहां पैरी मंदिर भी बना है पर्यटक और श्रद्धालु पुरी आस्था के साथ यहां पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं तो वहीं क्षेत्र के प्रमुख देव स्थल होने के कारण यहां प्राकृतिक शिव मंदिर के साथ राधाकृष्ण मंदिर एवं प्रभु जगन्नाथ का भी मंदिर है। इस स्थान का ऐतिहासिक महत्व पूरे प्रदेश में अपना पहचान बना चुका है। बड़े- बड़े साल के वृक्ष बड़े-बड़े चट्टान पहाड़ी और पत्थरों शांत वातावरण के साथ ही यहां आसानी से वन्य प्राणी, हिरण, सांभर, चितल, खरगोश, मोर को विचरण करते देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार यह पहाड़ी क्षेत्र का इतिहास काफी पुराना है, हर वर्ष यहां बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचते हैं बहरहाल इन दिनों बारिश के साथ ही यहां का मनोरम दृश्य और खुबसूरती पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

**कायकींग की सुविधा पर्यटकों को बहुत लुभा रहा :** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 23 किमी दूर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र इन दिनों ▶▶| शेष पेज 15 पर

### वन्य जीवों को खुले में विचरण करते देखने पहुंचते हैं पर्यटक

### बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं

वहीं दुसरी ओर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के पहाड़ी के ऊपर बसे आमामोरा ओढ़ को छत्तीसगढ़ के काश्मीर के नाम से जाना जाता है यहां बहुत अधिक ठंड पड़ती है जहां इन दिनों बड़ी संख्या में बसों कार तथा विभिन्न वाहनों के माध्यम से पर्यटक पहुंच रहे हैं। बड़े शहरों के कालेज, स्कूलों से विद्यार्थी और विभिन्न संस्थान के कर्मचारी एवं पर्यटक पहुंच रहे हैं क्योंकि यह काफी सुकून और सुखद अनुभव का अहसास कराता है। इस क्षेत्र का मनोरम दृश्य, खुबसुरत पहाडी, नदी, नाले, झरने, स्वतंत्र विचरण करते वन्य प्राणी शांत वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता हैं।

**हादसा :** गंभीर रूप से घायल युवक के सिर के पिछले हिस्से में लगी गहरी चोट

# उरमाल में दो बाइक में हुई भीषण टक्कर, चार घायलों में एक नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र अंतर्गत उरमाल में आज शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसने पूरे गांव को हिला कर रख दिया। सरगीगुड़ा मार्ग पर नहर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भीषण टक्कर हुई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकें छिन्न-भिन्न हो गईं और सवार खून से लथपथ होकर सड़क पर बिखर गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद ऐसा मंजर था जैसे कोई बड़ा धमाका हुआ हो। लोग घरों से दौड़कर बाहर निकले और सड़क पर घायलों की चीख-पुकार सुनकर हर किसी का दिल कांप उठा। चार लोग इस हादसे में घायल हुए हैं, जिनमें से एक युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। सबसे गंभीर रूप से घायल युवक के सिर के पिछले हिस्से में गहरी चोट लगी है। अधिक खून बहने से उसकी हालत बिगड़ती गई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे तत्काल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, चोट इतनी गंभीर है कि समय पर उचित



इलाज नहीं मिलने पर स्थिति और बिगड़ सकती थी।

**75 वर्षीय वृद्धा के टूटे घुटने, दर्द से कराह उठी माई :** इस हादसे में एक वृद्ध महिला, जिनकी उम्र लगभग 75 साल बताई जा रही है, को भीषण चोट लगी है। उनके घुटने की चोंट लग गई है। वह दर्द से तड़पती रहीं, और जब उन्हें स्ट्रेचर पर चढ़ाया जा रहा था तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा बच ले बेटा बहुत दुख होए हे

**रविशंकर के होठ के नीचे गहरा जख्म, लगातार बह रहा खून :** एक अन्य घायल युवक रविशंकर कश्यप को होठ के नीचे गंभीर चोट लगी है। खून रुकने का नाम नहीं ले रहा था। स्थानीय युवाओं की मदद से उसे प्राथमिक इलाज दिया गया, और डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू कर दिया है।

**अफरा-तफरी का माहौल, चीख-पुकार से दहला इलाका :** हादसे के तुरंत बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। कुछ बाइक सवार वहीं गिर पड़े, जबकि कुछ मदद के लिए चीखने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। देवभोग थाना की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को 108 और निजी वाहनों से उपस्वास्थ्य केंद्र उरमाल भेजा गया।

### उपस्वास्थ्य केंद्र उरमाल में घायलों का इलाज जारी

घायलों का इलाज उरमाल उपस्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर प्राथमिक चिकित्सा देने के कारण बाकी तीनों की स्थिति फिलहाल स्थिर है। गंभीर घायल युवक को आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल या रायपुर रेफर किया गया है।

### प्रशासन से मांग, मोड़ पर लगनी चाहिए चेतावनी बोर्ड

यह हादसा एक बार फिर स्थानीय सड़क सुरक्षा की पोल खोल गया है। जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां न तो कोई स्पीड ब्रेकर है, न संकेतक बोर्ड। ग्रामीणों ने मांग की है कि नहर के पास वाले इस मोड़ पर चेतावनी बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाना अनिवार्य है, ताकि भविष्य में ऐसा कोई हादसा दोबारा न हो।

## उच्च शिक्षा का खस्ता हाल, छात्र दूसरे शहरों में जाने को मजबूर

**राजिम।** नदी की आड़ में दोनो शहर राजिम एवं नवापारा में उच्च शिक्षा के सीमित संस्थान एवं संसाधन है। यहां उच्च शिक्षा के लिए एक मात्र शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय है। जहां बीए, बीकॉम, बीएससी, एमएससी, डीसीए, पीजीडीसीए रेगुलर ट्रेडिशनल कोर्स ही उपलब्ध है। इन दोनो शहर के कॉलेज में बीसीए, एमसीए, बायोटेक, लॉ, बीबीए, एमबीए जैसे रोजगार मूलक पाठ्यक्रम नहीं है। उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के अभाव में अन्य शहर जाकर पढ़ना मजबूरी है। यहां के लगभग सैकड़ो विद्यार्थी पुणे, दिल्ली, कोटा, बेंगलुरु, रायपुर, बिलासपुर, महासमुंद, कुरूद जैसे शहरों में जाकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिणामस्वरूप पालकों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है। मेट्रो या बड़े शहरों में बच्चों को भेजने से पालकों में सुरक्षा को चिंता भी बनी रहती है। खासकर छात्राओं को लेकर ज्यादा चिंता रहती है। बता दें कि नवापारा शहर में श्री कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय है जहां ट्रेडिशनल कोर्स सी उपलब्ध है। बीए, बीकॉम, बीएससी, एमएससी, पीजीडीसीए संचालित है। आधुनिक एवं रोजगार मूलक पाठ्यक्रम न होने के कारण विद्यार्थियों को ट्रेडिशनल कोर्स में प्रवेश लेकर पढ़ना मजबूरी है। नवापारा में कन्या महाविद्यालय के लिए अब तक भवन ही नहीं है ये कन्या शाला के भवन में संचालित है। 3 से 4 कमरे में चलने वाले कन्या महाविद्यालय का हाल किसी से छुपा नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ ▶▶| शेष पेज 15 पर

## 27 लीटर अवैध शराब जब्त,1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नया सवेरा अभियान के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय कर लगातार कड़ी कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मुखबीर के जरिए से थाना प्रभारी देवभोग को सूचना प्राप्त हुआ की देवभोग धान मण्डी के पीछे आरोपी रावेन्द्र तिवारी अपने ठेला के पास मे अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा हैं कि



सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफ व गवाहों के साथ मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचकर ▶▶| शेष पेज 15 पर

## अस्पताल में वार्ड ब्वाय से मारपीट, दो गिरफ्तार

नवापारा-राजिम। नवापारा के सरकारी अस्पताल में शुक्रवार की रात 10:30 बजे यहां डयुटी में तैनात वार्ड ब्वाय कुलदीपक चंद्राकर के साथ दो भाईयों ने बदसलुकी करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद पीड़ित कर्मचारी ने अस्पताल प्रभारी डॉ. तेजेंद्र साहू को जानकारी दी। इसके बाद उन्होने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उक्त कर्चचारी की रिपोर्ट पर नवापारा पुलिस ने मामला दर्ज कर कुणाल और करण नामक दो भाईयो को



गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियो ने अपना जुर्म कबूल किए जाने की बात सामने आई है। बताया गया है कि इस अप्रत्याशित घटना से अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियो में दहशत का वातावरण है। कर्मचारियो ने शनिवार की सुबह डॉ और स्टॉफ के साथ अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर ▶▶| शेष पेज 15 पर

**बरसात के दिनों में नाले में पानी के तेज बहाव होने से लोगों को घर में ही रहना पड़ता है**

# मातरबाहरा के ग्रामीणों का संघर्ष जारी न सड़क मिली न पुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

विकासखंड मुख्यालय छुरा से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी में बसा ग्राम पंचायत केवटीझर के आश्रित ग्राम मातरबाहरा के पारा सरगीपार के ग्रामवासियों आज भी पक्की सड़क और पुलिया के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं, फिर भी संघर्ष अधूरा है। ऐसा कहा जाता है कि अगर भारत को जानना और समझना है तो पहले गांव जानिए क्योंकि भारत गांवों का देश है और भारत गांवों में बसता है। हां वही गाव जहां पसीने में तरबतर होकर अपनी मेहनत से अन्न उपजाने वाले धरती के भगवान किसान रहते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा मुलभुत समस्या बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के निदान के लिए कई लोक कल्याणकारी योजना लागू की जाती है, ताकि गांव और शहर की तस्वीर बदलाव आये पर अफसोस है कि शहर का तस्वीर तो बदल रहा है पर गांव का तस्वीर सही मायने में वैसा नहीं है जैसा रहना चाहिए। गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले गांव मातरबाहरा ( सरगीपारा ) आज भी आजादी के इतने साल बाद भी सड़क, पुलिया के मोहताज है। यहां के लोगों को बारिश



के दिनों में भारी परेशानियों का समान करना पड़ता है।

### नाला पार कर अस्पताल ले जाना मजबूरी

सरपंच चंद्रिका नेताम, सदस्य, हितेश्वर ठाकुर, भंवर सिंह नागेश, निजा राम, प्रेमसिंह, जगनसिंह नेताम, मेहतर राम ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, दुर्जन सिंह नागेश, ओंकार नागेश आदि ने बताया कि बरसात के दिनों में नाला में पानी के तेज बहाव होने से लोगों को घर में ही रहना पड़ता है।

अति आवश्यक दैनिक खाद्यान्न सामग्रियां के लिए भी ग्रामीणों को भटकना पड़ता है। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जहां प्रसव पीड़ा से व्याकुल माताओं को बड़ी मुश्किलों से नाला पार कराते हुए अस्पताल ले जाना मजबुरी है। इस नाला में पुलिया नहीं होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को घंटों खड़े होकर पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है। इस नाला को पार करते हुए ग्रामीणों द्वारा जन-धन की हानि होते हुए भी देखी गई हैं। इस नाला में पुलिया निर्माण के लिए मुख्यमंत्री जनदर्शन, सांसद, विधायक, कलेक्टर, संबंधित विभाग के अधिकारी को कई बार आवेदन दिया गया है, इसके बावजूद शासन प्रशासन इसे बनाने में जहमद नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों की आस महज़ के स्वपन के सामान हो गया है। इस संबंध में समस्त ग्रामवासियों द्वारा ज्ञापन देने का मन बना लिये है।

### बारिश के दिनों में हो जाती है आवाजाही बंद

ज्ञात हो कि मातरबाहरा और सरगी पार के बीच केन्द्रा नाला पड़ता है जो बारिश के दिनों में बाढ़ आने से लोगों का आवाजाही बंद हो जाता है। यहां तक सरगीपारा में प्राथमिक शाला है और मातरबाहरा में माध्यमिक स्कूल है जो कि सरगीपार के बच्चे मिडिल स्कूल नाला पार करके दो किलोमीटर मातरबाहरा आते हैं। बारिश के समय नाला में ज्यादा पानी होने से बच्चे स्कूल आने वंचित होना पड़ता है। मालूम हो कि यहां के किसान खाद बीज लेने के लिए कच्ची सड़क से 5 किलोमीटर कनसिघी जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### पेंशनरों के लिए निगम क्षेत्र में लगेगा शिविर

**धमतरी।** आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन हितग्राहियों का आधार कार्ड, बैंक खाता तथा मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण पेंशन राशि का आहरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिये नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा शहर के सभी 40 वार्डों में 14 जून से 2 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सुबह 9.30 बजे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहला शिविर हटकेशर एवं शीतलापारा वार्ड के लिए कला मंच नागदेव मंदिर के पास 14 जून शनिवार को एवं 15 जून को लालबगीचा, सुभाष नगर एवं विवेकानंद वार्ड के लिए हमर क्लिनिक कांटा तालाब के पास आयोजित होगा। 16 जून को सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड एवं बठेना वार्ड के लिए कला मंच के पास, 17 जून को सुंदरगंज वार्ड, औद्योगिक वार्ड के लिए पुरानी कृषि उपज मंडी तथा 18 जून को नवागांव वार्ड एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के लिए उमंग चौक हमर क्लिनिक में शिविर लगेगा।

### सीएम से शाला प्रवेशोत्सव तिथि को आगे बढ़ाने की मांग

**धमतरी।** छग राज्य अशासकीय शिक्षण संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में मांग की है कि नए सत्र में शाला उत्सव की तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। परंतु अभी वातावरण में बहुत गर्मी है। साथ ही छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रदत की जाने वाली निशुल्क पुस्तकें अभी तक छत्तीसगढ़ में किसी भी निजी विद्यालय को नहीं मिली हैं और अभी तक पुस्तक प्रदान करने की कोई भी तिथि निर्धारित नहीं है। चूंकि कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी एवं छठवीं में नए पाठ्यक्रम के आधार पर पुस्तकें प्रदान की जानी है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सीएम से शाला प्रवेश उत्सव की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है।

### सिहावा के पहाड़ पर आराम रमाते दिखा तेंदुआ

**नगरी।** सिहावा पहाड़ में एक तेंदुआ को तीन दिन पहले आराम करते देखा गया। यह नजारा देखने लोगों की भीड़ लग गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरगुड़ी ने बताया कि सिहावा क्षेत्र में तेंदुआ लगातार कई दिनों से विचरण कर रहा है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले तेंदुआ सोनामगर निवासी उत्तम साहू के घर में घुसा था। उसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। वन विभाग की टीम लगातार गांव में मुनादी के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने की जानकारी दे रही है। शाम के समय घर से नहीं निकलने की हिदायत दे रही है। बच्चों को सुरक्षित रखने की बात कह रही है।

## निधन

### शकुंतला देवी साहू



**महासमुंद।** स्थानीय गंजपारा निवासी श्रीमती शकुंतला देवी साहू (76) का शनिवार शाम को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जून को भलेसर रोड मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे श्रीराम कृष्ण हरि की माता और गणेश साहू व महेश साहू चाची थी।

### प्रकाश कौशिक



**महासमुंद।** स्थानीय इमलीभांठा निवासी प्रकाश कौशिक का शनिवार को निधन हो गया। वे राजेंद्र कुमार कौशिक के पुत्र थे।

### हादसा : ट्रांसफार्मर अलग से नहीं होने पर नाराजगी

# तोषगांव के मोबाइल टावर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के ग्राम तोषगांव में मोबाईल टावर में आग लगने से टावर से जुड़ा ट्रांसफार्मर में भी ब्लास्ट हो गया। रिहायशी इलाके से लगे ट्रांसफार्मर से धुआं उठता देख पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आसपास के घरों में आग फैलने से रोका। ग्रामीणों की तत्परता से एक भीषण हादसा टल गया।

ग्रामीणों के अनुसार टावर को गांव के ही ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया था, जिसके कारण लोड बढ़ गया और उसमें आग लग गई। वहीं जब से ट्रांसफार्मर फटा है, पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। इस हादसे को लेकर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति भी काफी आक्रोश देखा जा रहा है। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से अभी देश उबर भी नहीं पाया है कि सरायपाली अंचल के ग्राम तोषगांव में एक भीषण हादसा किसी तरह टल गया। तोषगांव के सरपंच मोहित रीतिया व ग्रामीणों ने बताया कि यहां आइडिया



एवं जिओ दोनों कंपनियों का मोबाईल टावर लगा है। इस टावर को विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर से जोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोड अधिक हो जाने के कारण ट्रांसफार्मर फट गया, जिससे पूरे गांव में धुओं फैल गया था। अचानक हुए इस घटना से पूरा गांव दहशत में आ गया और आनन-फानन में आग को घरों की ओर फैलने से रोका गया। ग्रामीणों ने बताया कि मोबाईल टावर तो लगा दिया गया है, लेकिन कंपनियों के अधिकारी या कर्मचारी कभी भी इसके निरीक्षण के लिए नहीं आते हैं। यदि नियमित जांच होती हो यह हादसा टाला जा सकता था। यहीं मोबाईल टावर के लिए अलग से ट्रांसफार्मर नहीं होने की बात पर भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। विद्युत विभाग को भी आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर फटने के बाद भी न तो मोबाईल कंपनी से और न ही विद्युत विभाग से कोई अधिकारी यहां पहुंचे हैं। ग्रामीणों की सक्रियता से यहाँ एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। यदि समय रहते इस पर काबू नहीं पाया जाता तो आस-पास के कई घर आग की चपेट में आ सकते थे।

# साय सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल : विनोद

### जिला अस्पताल में सिटी स्कैन, सोनोग्राफी मशीन, एक्सरे मशीन का मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में बनाए गए बेहतर स्वास्थ्यगत ढांचे को वर्तमान भाजपा सरकार ने महज डेढ़ साल में ही पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। आज जिले के सबसे बड़े अस्पताल सहित ब्लाकों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभावों से जूझ रहे हैं। कांग्रेस शासन काल में मैंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से निवेदन कर जिला अस्पताल में विभिन्न सुविधाएं शुरू करवाया था। जिसमें प्रमुख रूप से डायलिसिस सेंटर, कीमोथेरेपी सेंटर, शहर के 5 स्थानों पर शहरी स्वास्थ्य क्लीनिक सहित आवश्यक जांच उपकरण की व्यवस्था की 5 साल कमी नहीं होने दिया। तुमगांव में पोस्टमार्टम सेंटर भी क्षेत्र के नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए हमने शुरू करवाया था। लेकिन, वर्तमान में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। महासमुंद जिला अस्पताल में सिटी स्कैन, एक्सरे, सोनोग्राफी, लैब टेस्ट के लिए मरीजों को परेशान किया जा रहा है। सरकार के प्रशासनिक निरंकुशता व लचर व्यवस्था से अधिकारी कर्मचारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा कि जिला अस्पताल के कर्मचारियों की मनमानी दो दिन पूर्व ही सामने आया है, जब खरियार रोड की एक महिला जांच रिपोर्ट लेने पहुंची। महिला को यह कहकर लौटा दिया गया कि वह दो माह बाद रिपोर्ट लेने पहुंच रही है। जबकि, नियमतः भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों के तहत मरीज को अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रतियां प्राप्त करने का अधिकार है। मरीजों की मांग पर अस्पताल प्रबंधन को सहायक दस्तावेजों के साथ परिशिष्ट 3 के अनुसार, उन्हें रिकार्ड प्रदान करना होता है। अस्पतालों को 3 से 5 साल तक रिकार्ड सुरक्षित रहना होता है। यह मरीजों का अधिकार है। घर में शोक के माहौल होने के कारण महिला को रिपोर्ट लेने में केवल 2 माह का विलंब हुआ था, जिसे यह कहकर बाहर निकाल दिया गया, कि हम 2 माह का रिकार्ड नहीं रखते।

महासमुंद जिला अस्पताल में आसपास के 4-5 जिलों के मरीज तथा समीपवर्ती राज्य ओड़िशा से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। यदि, कर्मचारियों का रवैया इसी प्रकार रहा तो इस अस्पताल से मरीजों का मोह भंग होते समय नहीं लगेगा। पहले ही महासमुंद का जिला अस्पताल नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टरों की कमी, दवाओं कमी, आवश्यक उपकरण सीटी स्कैन, सोनोग्राफी मशीन, एक्सरे मशीन की समस्याओं से परेशान हैं। यहां सोनोग्राफी पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं को 2-2 माह की तिथि दी जाती है। जिससे परेशान होकर मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। चंद्राकर ने कहा कि जिले के सबसे बड़े अस्पताल की स्थिति दयनीय हो चुकी है।



### नपाध्यक्ष के निर्देश पर बड़ी नालियों की हुई सफाई

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर बरसात पूर्व शहर की बड़ी नालियों की सफाई की जा रही है। आज नेहरू चौक, स्वामी चौक एवं मुख्य मार्ग की बड़ी नाली जो 15 वर्षों से सफाई के अभाव में 2 से 3 फीट तक मलबा जम गया था। जिसे हटाकर नालियों की मूल संरचना को पुनः सक्रिय किया गया। इन नालियों की सफाई होने से अब जल निकासी व्यवस्था और अधिक प्रभावशाली होगी। सफाई के दौरान नालियों के ऊपर ढाले गए स्लैब को तोड़कर जमे हुए गंदगी को बाहर निकाला गया। सफाई के दौरान पालिका अध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहकर कर्मचारियों को निर्देश देते रहे। इस अवसर पर विभाग प्रभारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# मानिकपुरी पनिका समाज ने मनाया कबीर प्राकट्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पूज्य मानिकपुरी पनिका समाज के तत्वावधान में सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर मानिकपुरी पनिका समाज ब्लॉक इकाई बसना के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में अध्यक्षता कर रहे सेवक दास दीवान जिलाध्यक्ष ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। सद्गुरु कबीर साहेब के बताये हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए अपने जीवन को सार्थक बनायें। पनिका समाज आदि कबीरपंथी समाज है। आधुनिकता के दौर में संस्कारों को न भूलें। खानपान, रहन सहन, आचार विचार में शुद्धता लायें। कबीर पंथ सत्य का मार्ग है। कबीर पंथ को जिसने भी अपनाया है और कबीर की वाणी, साखी शब्द को आचरण में लाया है उसका जीवन धन्य हो गया है। कलयुग में सद्गुरु कबीर साहेब कमल पुष्प पर प्रकट हुए



थे, इसी तिथि को प्राकट्य दिवस मनाते आ रहे हैं। सम्मान समारोह को जगदीश दास राजन संभाग प्रभारी, शीत गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत बसना, मलिन दास ब्लॉक अध्यक्ष पनिका समाज, एचडी महंत पत्रकार ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर पधारे सभी अतिथियों, पत्रकारों का अंगवस्त्र श्रीफल से सम्मानित किया गया। शरण दास राजन ने संचालन करते हुए सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे। समाज में आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए समाज को संगठित कर मजबूत बनायें। गौरटेक निवासी महेश दास की सुपुत्री प्रियंका मानिकपुरी ने कबीर भजन गाकर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। प्रियंका सहित भजन मंडली की कबीर भजन पर शानदार प्रस्तुति की सराहना की गई।

बता दें कि कबीर नगर बसना से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को महंत लखन मुनि साहेब प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला ने श्वेत ध्वज दिखाकर रवाना किया। प्राकट्य दिवस पर शोभायात्रा में पनिका समाज के पदाधिकारी, स्वजातीय बंधु, आमिन माताएं, युवा साथी सैंकड़ों की संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में कीर्तन मंडली, डीजे की धुन पर कबीर साहेब के भक्ति गीतों में थिरक रहे थे। शोभायात्रा पूरे शहर में भ्रमण करते हुए सांई नगर कबीर आश्रम पहुंची। साईं नगर के सामाजिक जनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर मुख्य रूप से मलिन दास मानिकपुरी ब्लॉक अध्यक्ष, शोभी दास मानिकपुरी उपाध्यक्ष, रोहित दास सचिव, संत कुमार दास, प्रदीप दास राजन, दूरबीन दास, सोहन दास, निर्मल दास, सतीश दास, नेमी दास, गजानंद दास, अश्विनी दास, तुलसीदास ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली, आश्रित दास, सुंदर दास, गोरेलाल मानिकपुरी, वी. दास, नीर दास, महेश दास, तिलक दास, विजय दास, पत्रकार साथी आर के दास, अभय धृतलहरे, अरूण साहू के अलावा भारी संख्या में पनिका समाज

# महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में शोध पत्रिका का किया गया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे की गरिमामयी उपस्थिति एवं उनके द्वारा शोध पत्रिकामहिला सशक्तिकरण के विविध आयाम विशेषांक का विमोचन हुआ। यह पत्रिका रिसर्च जनरल ऑफ सोशल एंड लाइफ साइंसेस सेंटर फॉर रिसर्च स्टडीज, रीवा की मुख्य शोध पत्रिका म.प्र.सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1973 के अंतर्गत पंजीकृत है। जिसका इंपैक्ट फैक्टर 7.0 है। पत्रिका आई.एस.एस.एन.0973-3914 है।

इस अवसर पर डॉ.रीता पांडेय कला संकाय अध्यक्ष, डॉ.नीलम अग्रवाल समन्वयक नैक, डॉ.दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य उपस्थित थे। शोध पत्रिका का संपादन डॉ.मालती तिवारी शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने किया। डॉ.मालती तिवारी महाविद्यालय के शोध समिति के अध्यक्ष हैं। उनके मार्गदर्शन से महाविद्यालय में शोध का कार्य अबाध गति से संचालित है। शोध पत्रिका के सह संपादक डॉ.सीमा रानी प्रधान शोध निर्देशक एवं सहायक प्राध्यापक हिंदी हैं। सलाहकार एवं परामर्श मंडल में शास महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद से डॉ.रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, डॉ.नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ. ईपी चेलक, डॉ.सुभाष चंद्राकर सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान दुर्गा महाविद्यालय रायपुर, डॉ. महेंद्र कुमार सार्वा, सहायक प्राध्यापक इतिहास शास दूधाधारी ब. म . स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर, डॉ. बी. एन.सोनेकर, अर्थशास्त्र अध्ययन शाला, पंडित रविशंकर शुक्ल वि वि रायपुर, डॉ.सरस्वती वर्मा विभागाध्यक्ष हिंदी, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, डॉ.वैशाली गौतम, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय देवेंद्र नगर, रायपुर, डॉ.जगदीश सत्यम, सहायक प्राध्यापक, भौतिक शास्त्र, शास. म.व.स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद हैं।

डॉ.मालती तिवारी ने बताया कि आगामी शोध पत्रिका भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम विषय पर जल्द प्रकाशित होगी। उसके लिए शोध पत्र 15 जुलाई तक आमंत्रित की जा रही है। शोध पत्रिका के प्रकाशन से महाविद्यालय में शोध संस्कृति की परंपरा विकसित हो रही है। इससे सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र लाभान्वित हो रहे हैं।

# शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अडसूल आज पहुंचेंगे राजधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अडसूल का कार्यक्रम दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त जिला के प्रमुख और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे जिसमे आगामी संगठन मजबूती बूथ स्तर में पहुचना का लक्ष्य रखा जाएगा।

कार्यक्रम के शेड्यूल अनुसार 15 जून को 9 बजे रात एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सभी पदाधिकारी अपने कारों से लेने जाएंगे एयरपोर्ट से सीधे बेबीलॉन इन में आएंगे, जहां प्रमुख पदाधिकारी गण उनसे मुलाकात करेंगे। उसके पश्चात 16 जून को सुबह 10 बजे के बाद



काफिले के साथ ऑडिटोरियम कार्यक्रम स्थल पहुंचेगे। तत्पश्चात प्रेस कांफ्रेंस और राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रमुख एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा लिया जाएगा और 11 से कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम 11 बजे से 3 बजे तक चलेगा जिसमे छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो के जिला प्रमुख और प्रदेश स्तर के पदाधिकारि एवं शिवसैनिक मौजूद रहेंगे। वे संगठन को कैसे मजबूती प्रदान कर सकते हैं इस बारे में बारीकी से चर्चा करेंगे। इसके साथ ही बूथ स्तर में हम कैसे पहुँच सकते हैं इस विषय पर चर्चा की जाएगी। जिले से जिलाध्यक्ष सहित जिले के जिलास्तर व विधानसभा सभी पदाधिकारी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# साक्षी बढाई को मिली अंतरराष्ट्रीय शोध फेलोशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

नगर की प्रतिभावान छात्रा कुमारी

- छात्रा ने मेहनत से क्षेत्र व समाज का नाम रोशन किया

साक्षी बढाई ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। वे पिता संजय बढाई एवं माता सुनीता बढाई की सुपुत्री हैं। प्रारंभिक शिक्षा पिथौरा के अंजलि विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय छिंदपाली सरायपाली से प्राप्त करने के बाद उन्होंने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर से विज्ञान में स्नातक तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से बायोमेट्रिक्स विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। अपनी मेधावी प्रतिभा के चलते उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।



उच्च शिक्षा के बाद वे टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च हैदराबाद में जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में चयनित हुईं। अपने शोध के दौरान उन्होंने आईसीएमआर-जेआरएफ 2024, टीआईएफआर जीएस 2025, सीजी सेट 2024 तथा गेट 2025 ऑल इंडिया रैंक 151 जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्तीर्ण की। उन्हें सबसे बड़ी उपलब्धि तब मिली जब उन्हें मैक्स ब्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर कोलाइड्स एंड इंटरफेसेस जर्मनी एवं फ्रांस में मेरी स्लोडोव्स्का क्यूरी एक्शन फेलोशिप के अंतर्गत पीएचडी के लिए चयनित किया गया। वे यह शोध प्रसिद्ध बायोफिजिसिस्ट डॉ. रोमियाना (बुल्गारिया) के निर्देशन में करेंगी। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 3 जून 2025 को पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 'अचीवमेंट सर्टिफिकेट' एवं 'प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया गया। साक्षी की इस सफलता पर पूरा समाज एवं नगरवासी गौरव अनुभव कर रहे हैं। उनके नाना-नानी डॉ. आर. साहू व शजमुना देवी साहू तथा मामा लोकेश साहू, देवेंद्र साहू ने भी हर्ष जताया।

### लगा नया ट्रांसफार्मर

**महासमुंद।** सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम तोषगांव में विगत दिनों ट्रांसफार्मर जल जाने से अंधेरा छाया रहा। मुद्दा सोशल मीडिया में काफी वायरल होने के बाद विभाग द्वारा तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाया गया जिस पर ग्रामीणों ने हर्ष जताया।

# शिक्षा को सशक्त और सुविधाजनक बनाने सरपंच ने ली संकुल स्कूलों की बैठक

**पटपरपाली(कोमाखान)।** छत्तीसगढ़ में आगामी 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की ओर से 'मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान' की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है। इसके साथ ही सरकार की ओर से शिक्षकों और विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की प्राथमिकता से पदस्थापना की गई है, जिससे शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक पहुंच सके। इसी तारतम्य में 'शाला प्रवेश उत्सव' में छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक और पालकगण की सक्रिय भागीदारी के लिए आज पटपरपाली ग्राम पंचायत में सरपंच लता कमलेश टांडेय की अध्यक्षता में पटपरपाली संकुल प्रभारी राधेश्याम निराला के आतिथ्य में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत क्षेत्र पटपरपाली संकुल के प्राथमिक शाला पटपरपाली के शिक्षक फिरोज सिंह ठाकुर, माध्यमिक शाला बाम्हनडीह की प्रधान पाठिका सुलन चंद्राकर, प्राथमिक शाला चंदरपुर से शिक्षिका पूनम निषाद आंगनबाड़ी पटपरपाली, बाम्हनडीह और चंदरपुर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू, गमला यादव और चंपी साहू ने क्रमशः पंचायत क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने हेतु अपनी-अपनी बातों को



रखा गया और साथ ही हो रही असुविधा, मांग एवं शिकायत को भी पंचायत को अवगत कराया गया। आयोजित बैठक में सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने कहा कि यह किसान प्रधान क्षेत्र है जिसमे अधिकांश किसान बच्चों से किसानी काम लेने के लिए स्कूलों में छुट्टी करा देते है। जबकि राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रभावशील है, तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि कक्षा 12वीं तक शाला त्याग दर को धीरे-धीरे शून्य किया जाए। इसके लिए शैक्षणिक बाधाओं को पहचानकर उन्हें दूर करने की जिम्मेदारी ना केवल शिक्षकगणों की बल्कि हम सभी की है। सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि पंचायत के स्कूल शिक्षा क्षेत्र की अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं के विकास को पंचायत ने अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा है और बेहतर शिक्षा के लिए मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओं को पंचायत से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने पंचगणों से आग्रह किया कि वे शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अपने-अपने वार्डों में व्यक्तिगत सहभागिता करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। इस विषय पर संकुल प्रभारी राधेश्याम निराला एवं ग्राम प्रमुख शिव उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा परिकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर परिणाममूलक कार्य करने होंगे। उन्होंने आशा जताई कि सभी जनप्रतिनिधि बिना राजनैतिक रूप से इस अभियान का नेतृत्व कर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे और पंचायत को एक शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर पंचायत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक का आभार पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन ने किया। जिसमे प्रमुख रूप से उपसरपंच चैतराम साहू, पंचगण हवंत साहू, हेमलता साहू, मुकेश गुप्ता, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, धानबाई साहू, कांतिबाई साहू, मोहन साहू, सुरित साहू, मनोज चंद्राकर, राजू तिवारी, मनोज साहू सक्रिय महिला प्रेमलता साहू, सावित्री साहू, किरण साहू, लता साहू और ऋतु साहू, भीम साहू, बालकुमार साहू आदि प्रमुख ग्राम वासी और पालकगण उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप



### सत्रारंभ पूर्व तैयारियों पर केंद्रित बैठक का आयोजन

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद के अंतर्गत संकुल स्त्रोत केंद्र बम्हनी में शैक्षिक सत्र आरंभ होने के पूर्व एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गैमून सिंह कागजी, प्रभारी प्राचार्य संकुल स्त्रोत केंद्र बम्हनी ने की, साथ ही संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू की मौजूदगी रही। बैठक के दौरान शाला प्रवेश पूर्व की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक विचार किया गया, जिसमें पुस्तकें स्कैनिंग, गणेश वितरण कार्यक्रम, साइकिल वितरण सहित शैक्षिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाने संबंधी आदेश दिए गए। इस दौरान प्रधान पाठक अशोक त्रिपाठी, नम्रता यादव, चेतन सिंह दीवान, स्वाति शर्मा, केसरी चंद्राकर, कन्हैया साहू, मंजू चंद्राकर एवं सरस्वती प्रधान सहित शैक्षिक स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता किया।

### प्रसाद वितरण हुआ

**महासमुंद।** कबीर आश्रम सत्संग समिति ग्राम भोरिंग के तत्वावधान में बुधवार को संत शिरोमणी श्री सद गुरुदेव कबीर साहेब के पावन जयती, संत नरेन्द्र साहेब के पावन सानिध्य में सत्संग भजन, पूजन के साथ सुबह से शीतल पेय वितरण एवं समापन के साथ प्रसाद के रूप में खीर पूड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समीती के संयोजक -उधोलाल प्रजापति अध्यक्ष रेखराम साहू सचिव मदनलाल साहू पोस्टमास्टर सदस्यगण –विष्णु राम साहू आश्रित राम संतोष कुमार कंपराम साहू रामनारायण बेनी साहेब विश्वानाथ साहू, रामलाल साहू, आरपी कुशवाहा, संतोष मानिकपुरी, झम्मन दास मानिकपुरी, बेदन दास मानिकपुरी, उघोराम साहू, राजकुमार प्रजापति, कोमल साहू, कुन्दन प्रजापति, धनंजय प्रजापति, सुरेश मारकंडे आदि तथा बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

### सत्रारंभ से पूर्व संकुल केंद्र गड़बेड़ा में बैठक हुई, दिए गए दिशा-निर्देश

**पिथौरा(ग्रामीण)।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ से पूर्व संकुल केंद्र गड़बेड़ा में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के समस्त प्रधान पाठकों, शिक्षकों, रसोइयों तथा सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन संकुल समन्वयक लोकनाथ सिन्हा द्वारा किया गया, जिसमें शासन से प्राप्त विभिन्न दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई।
बैठक में पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग, शाला प्रवेश उत्सव, गणवेश वितरण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, जाति प्रमाण पत्र तैयार करना, छात्र-छात्राओं की आधार आईडी बनाना, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, 'मोर गांव मोर पानी' योजना के तहत वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण, यू-डाइस में प्रगति दर्ज करना तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर युक्तिकरण के तहत संकुल से अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित शिक्षकों को विदाई दी गई।

### ग्रामीण क्षेत्र के टेलरों के सामने चुनौती ज्यादा सुविधाएं कम शासन को इनके विकास के लिए बनाना चाहिए योजनाएं

# समाज सेवा में टेलरों का योगदान महत्वपूर्ण सहायता के लिए शासकीय सुविधा की है दरकार

**टेलर्स दिवस पर विशेष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


प्रतिवर्ष 15 जून को टेलर्स दिवस मनाया जाता है, और सभ्य समाज के विकास में टेलरों के योगदान को कभी नही भुला जा सकता प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में टेलर की सबसे ज्यादा जरूरत है क्योंकि हर व्यक्ति सिलाई किये हुए कपड़े का उपयोग करते है, चाहे ब्राडेंड कपडे हो या हम किसी दुकान से खरीदकर तैयार कराते है इसके लिए हमें टेलर दर्जी की आवश्यकता पडती है लेकिन टेलरों के विकास और उत्थान के लिए अब तक कोई भी सरकार द्वारा कोई ठोस योजना नही बनाई गई है जिसके चलते इनके जीवन स्तर ऊंचा हो सके खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने वाले टेलर बेहद दयनीय स्थिति में जीवन यापन करते नजर आते है, मेहनत अधिक और मुनाफा कम के चलते अब के युवा पीढी इस काम से दूर होते जा रहे है, मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के लगभग हर ग्रामों में एक-एक टेलर मिल जायेगा लेकिन तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में एक दर्जन से ज्यादा टेलर दुकान है इनमें से कई ऐसे टेलर है जो पिछले 40-45 वर्षो से अपनी सेवाएं टेलर के कार्य में दे रहे है, इनसे हमारे हरिभूमि मैनपुर संवाददाता ने चर्चा किया और उनके जीवन स्तर के बारे में जाना अधिकांश टेलरों को टेलर दिवस के बारे में मालूम भी नहीं है।

### प्रतिदिन महज 300 रूपये ही आमदनी

मैनपुर क्षेत्र के सबसे वरिष्ठ टेलर शंकरलाल पटेल हरदीभाठा ने बताया कि वह पिछले 47 वर्षो से टेलर (दर्जी) का कार्य कर रहे है उन्होने बताया कि बकायदा इसके लिए उन्होने प्रशिक्षण लिया था और जब टेलर का कार्य मैनपुर में प्रारंभ किया उस समय एक जोडी पेंट शर्ट की सिलाई महज 35 रूपये लिया करते थे लेकिन लगातार मंहगाई के दौर में टेलर कार्य में आने वाले सामग्रियों के मूल्य बढने के कारण अब पेंट शर्ट जोडी 500 रूपये दर लिया जाता है, लेकिन इसमें 150 से 200 रूपये तक की खर्च आ जाती है और एक दिन में एक टेलर एक जोडी कपडा सिलाई कर पाता है क्योंकि ग्रामीण ईलाको में बिजली बंद और अनेक प्रकार के परेशानियों का सामना करना पडता है खुद को ही कपडों की कंटिग करना है और खुद को सिलाई करना है, इस हिसाब से प्रतिदिन टेलर को महज 300 रूपये ही आमदनी होती है जो एक सामान्य मजदूर से भी बेहद कम है, उन्होने बताया कि पिछले 47 वर्षो से टेलर का कार्य कर रहे है अब दूसरा कार्य क्या करेंगे साथ ही उन्होने यह भी बताया कि लगातार टेलर का कार्य करने से सबसे ज्यादा परेशानी आंख पर होती है अधिकांश टेलर आंख की परेशानी से जूझ रहे है साथ ही लगातार एक जगह बैठे रहने से एक उम्र के बाद कमर और पैरों में तकलीफ आती है।

**सरकार द्वारा कोई ठोस कार्य योजना नहीं :** मैनपुर नगर में युवा टेलर के रूप में कार्य कर रहे बुधेश्वर साहू ने बताया कि उनके परिवार में उनके पिता जी और उनके भाई भी टेलर का कार्य करते है उन्होने बताया कि लगातार यही कार्य करने से सबसे ज्यादा परेशानी आंख और पैर में होती है साथ ही उन्होने कहा कि टेलरों को मुख्य धारा से जोडने के लिए अब तक कोई भी सरकार द्वारा कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाया गया है जबकि समाज में हर व्यक्ति के जिदंगी में टेलर की महत्वपूर्ण भूमिका है सरकार को चाहिए कि टेलरों के विकास और उत्थान के लिए कोई ठोस कार्ययोजना संचालित किया जाये क्योंकि एक उम्र के बाद टेलरों को कई प्रकार के परेशानियों का सामना करना पडता है।

**शहरों में आधुनिक मशीनों से सिलाई :** शहरों में आधुनिक मशीनों से होती है सिलाई ग्रामीण क्षेत्र में आज भी टेलर पारम्परिक तरीके से करते है सिलाई का कार्य क्षेत्र के ग्रामीण ईलाकों में कार्य करने वाले टेलर अजीज अंसारी, किशन देवांगन, सीताराम पटेल ने बताया कि बडे शहरों में अब टेलर आधुनिक मशीनों से सिलाई करते है जिससे उनके पास समय के साथ कार्य करने के लिए बहुत सारे कारीगर होते है लेकिन ग्रामीण ईलाकों में आज भी पारम्परिक तरीके से कपडों की सिलाई किया जाता है, काज, बटन हाथों से किया जाता है साथ ही आज के दौर में फिल्मों के हिसाब से नये-नये डिजाईन भी अनिवार्य है ।





### सरकार टेलरों के लिए ऐसी योजना संचालन करने की जरूरत

स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों टेलरों से जब चर्चा किया गया तो उनके सामने मुख्य बात निकलकर जो सामने आई उसमें एक उम्र के बाद टेलरों के सामने शारीरिक रूप से परेशानी का सामना करना पडता है इसलिए सरकार को चाहिए कि 40 वर्ष के उम्र के बाद टेलरों के लिए पेंशन योजना चालू किया जाना चाहिए साथ ही सरकार द्वारा टेलर कार्य करने वाले लोगो की सर्वे कराकर इन्हे टेलर संबधित सामग्री मशीन और अत्याधुनिक मशीन ग्रामीण क्षेत्र के टेलरों को उपलब्ध कराने की जरूरत है, क्योंकि आज सरकार सभी वर्गो के विकास के लिए कुछ न कुछ महत्वपूर्ण योजना संचालित कर रही है ऐसे में समाज में महत्वपूर्ण योगदान रखने वाले टेलरों के जीवन स्तर को उंचा उठाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने की जरूरत है।

## नई जेसीबी मशीन की महिला पार्षदों ने पूजा कर शहर के लिए किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका कार्यालय परिसर में नए जेसीबी मशीन का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की उपस्थिति में महिला पार्षदों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शहर के विकास कार्यों के लिए जेसीबी को समर्पित किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि यह आधुनिक मशीन अब क्षेत्र में सफाई, निर्माण व अन्य विकास कार्यों में गति लाएगी और नागरिकों को सुविधाएं देने में सहायक सिद्ध होगी।

इस मशीन के साथ अब पालिका में चार जेसीबी मशीन उपलब्ध हो गया है। जिससे अब किसी भी प्रकार के आवश्यक कार्य आने पर इन मशीनों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका महासमुंद क्षेत्रवासियों की सेवा और समृद्धि के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, सभापति जय देवांगन, सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, सभापति गुलशन साहू, सभापति बबलू सूरज नायक, सभापति ईश्वरी भोई, पार्षद मुस्ताक खान, पार्षद ओमिन टोमन कागज, पार्षद राहुल आवड़े, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद सीता टोंडेकर, पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, पार्षद बड़े मुन्ना देवार, पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, पार्षद भाऊ राम साहू, पार्षद माधुरी धनीराम यदु, पार्षद जरीना हाफिज कुरैशी, पार्षद भारती राजू चंद्राकर, प्रीति बदल मक्कड़ आदि उपस्थित थे।



### बनियातोरा में मनाया गया चावल उत्सव

**नर्रा।** मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के अतर्गत जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित बनियातोरा के राशन कार्ड हितग्राहियों को जून माह में तीन महीने का एकमुश्त चावल वितरण को छग शासन द्वारा चावल उत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल उप सरपंच खिलावन यादव इत्यादि ने उचित मूल्य की दुकान में चावल उत्सव का शुभरांभ किया गया। इस दौरान दिलेश पटेल, यादराम पटेल, तुलाराम पटेल, मुलचंद पटेल, दौलत पटेल, धरम पटेल, थानु ठाकुर, थानेश्वर पटेल, सुसैन यादव यतुकाराम यादव, गोमती, रैनी पटेल, हेमो बाई तोष बाई, सुख बाई अशोक पटेल, नवीन सेन, विष्णु यादव राधेश्याम, परशोधन, लेखराम पटेल कुंज बिहारी पटेल, खूब चंद पटेल, सालिक पटेल, ईतवारू यादव समेत राशनकार्ड हितग्राही उपस्थित रहे।

### गुडरूपारा तालाब की सफाई नहीं हो रही



**महासमुंद।** शहर वार्ड नं. 18 स्थित गुडरूपारा तालाब का निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 18 पार्षद पति धनीराम यदु, पार्षद चंद्रशेखर जलक्षत्री ने किया। राठी ने बताया कि तालाब जलकुंभी से भरा हुआ है बरसात के पहले सफाई की जरूरत है। जलकुंभी के चलते लोग निस्तारी नही कर पा रहे है। हालांकि कुछ दिन पहले जेसीबी से तालाब के आस पास की सफाई हुई थी लेकिन जलकुंभी की सफाई जेसीबी से नही हो सकती इसके लिए मैनुअल सफाई की जरूरत है सफाई प्रभारी को दूरभाष पर निर्देश दिया गया कि तालाब की सफाई के लिए नगर पालिका से सफाई दस्ता भेजे तथा बरसात के पहले सफाई आवश्यक है, अगर नगर पालिका के कर्मचारियों से सफाई नही हो पाती तो ऐसी स्थिति में भावपत्र से मछुआरों से साफ कराएं। लगभग शहर के सभी तालाबों की स्थिति खराब है गंदगी से भरा हुआ है। जनता को भी जागरूक होने की जरूरत है कि तालाबों को साफ सुथरा रखे अवशिष्ट पदार्थ तालाब में न डालें। छ.ग. शासन तालाबों का संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए जागरूक है शीघ्र ही सरकार बजट जारी करेगी। 16वें वित्त भी आने वाला है उससे भी शहर के तालाबों को संरक्षित किया जा सकता है।

## तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश के लिए हुआ ट्रॉयल

**बागबाहरा।** खेल एवं युवा कल्याणविभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में नवीन सत्र में प्रवेश के लिए राज्य भर के विद्यार्थियों का ट्रायल लिया गया। जिसमें शासकीय हाई स्कूल खोपली व बाल आश्रम बिहाझर के कक्षा 10 वीं के छात्र अमर कुमार, प्रियांशु साहू, एवं टोपू ध्रुव का तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर छत्तीसगढ़ में हुआ है। तीनों छात्र आगे की पढ़ाई तथा तीरंदाजी प्रशिक्षण बहतराई आवासीय केंद्र बिलासपुर में रहकर प्राप्त करेगा। छात्रों की।



इस सफलता पर खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनोज धृतलहरे, डीईओ महासमुंद विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिंहा, सतीश नायर, जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, एबीईओ रामता डे, प्राचार्य भोपाल बंजारा, पूर्णेंद्र चंद्राकर अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर, दिनेश चंद्राकर एसएमडीसी, अध्यक्ष, जयंती चंद्राकर, निरंकार चंद्राकर, रूपलाल टांडे विद्यासागर ठाकुर सरपंच खोपली, ऋषि साहू, हिरेंद्र देवांगन, सोमनाथ साहू संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा, प्रमिला साहू, ममता साहू, महेंद्र बंजारे, पुष्पा चंद्राकर, किशन साहू, सोहद्रा देवांगन, डिंपल वर्मा, भीमसेन चंद्राकर पूर्व समन्वयक सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया।



### चावल उत्सव मनाया गया

**बागबाहरा।** आदर्श ग्राम पंचायत बकमा, उचित मूल्य दुकान बकमा दुकान में चावल उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे उपस्थित सम्माननीय-लिलेश्वर साहू (सरपंच आदर्श ग्राम पंचायत बकमा), कमल नारायण साहू (उपसरपंच) तुलाराम साहू (वार्ड पंच), कोमल पटेल (सेल्समैन) जालमसिंग पटेल, पीर खान, गणेश चक्रधारी, देवनारायणसाहू, डालेश्वर पटेल, रामलाल पटेल, नेतराम पटेल, लक्ष्मण दास, भानु चक्रधारी, जोगीराम यादव, रामाधिन बाग एवं राशन कार्डधारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास से युवक वंचित, सरपंच-सचिव ने आमसभा में बता दिया अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत सरेकेल के प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही हरदीप बैष्णव ने जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लिखित शिकायत किया है कि 21 मई को सरपंच राजकुमारी साहू एवं सचिव राकेश साहू द्वारा आम सभा बैठक कर उनका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति को अविवाहित होने का कारण बताकर प्रस्ताव पारित कर अपात्र श्रेणी का बताया है।

हितग्राही का कहना है कि 2018 के सर्वे आवास प्लस में उनका नाम है। जिसका स्वीकृति 2025 में मिल चुकी है लेकिन पंचायत के आमसभा प्रस्ताव के कारण वह लाभान्वित होने से वंचित है। उसने कहा कि वह काफी गरीब आदमी है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण विवाह नहीं कर पा रहा हूं और रहने को घर भी नहीं है। वह 35 साल का है, इसके पहले भी भी झलप सुशासन दिवस में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से भी गुहार लगाई था।

**पेज 13 के शेष**

### हल्की बारिश में पैरी...

गरियाबंद जिला सहित अन्य जिले के पर्यटकों के लिए पहला पसंदीदा स्थान बना हुआ है कुल्हाड़ीघाट नदी में कायकिंग का आनंद लेते नजर आ रहे है यह सुविधा पूरे गरियाबंद जिला में सिर्फ मैनपुर के कुल्हाड़ीघाट नदी में वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है और पर्यटकों को यह खूब भा रहा है। कायकिंग जैसे वाटर एडवेंचर की सुविधाएं अब मैनपुर क्षेत्र में भी मिलने लगी है गरियाबंद जिले के उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने प्राकृतिक नदी जलप्रपातो में कायकिंग करने का भी अवसर उपलब्ध करा दिया गया है।

### उच्च शिक्षा का ...

महसुस किया जाता है। खासकर तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक भी संस्थान नहीं है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, पॉलिटेक्निक, नसिंर्ग, कृषि, लॉ के एक भी शासकीय या निजी कॉलेज नहीं है। आलम तो यह है कि तकनीकी शिक्षा का प्रथम पायदान माने जाने वाला आईटीआई भी नहीं है। जबकि छोटे गांव एवं कस्बों में आईटीआई खुल चुके है। मालूम हो कि फिंगेश्वर, अभनपुर, तोरला, नारी, कुरूद में आईटीआई है। जबकि नवापारा से लगे कुरूद जैसे कस्बे में केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, नसिंर्ग कॉलेज, कृषि, लॉ महाविद्यालय, पीजी कॉलेज जैसे संस्थान है। आसपास के 50 से अधिक आश्रित गांव के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के लिए अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ता है।

### 27 लीटर अवैध शराब...

घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकडे जिन्हें नाम पता पुछने पर अपना नाम रावेन्द्र तिवारी पिता अमृत लाल तिवारी उम्र 25 वर्ष ग्राम पहरिया थाना सेमरिया जिला रीवा हाल ग्राम मुंगझर थाना देवभोग का रहने वाला बतायें जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी अंदर 20 नग देशी मदिरा प्लेन शराब प्रत्येक में 180 एमएल भरा हुआ, 59 नग ओडीसा प्रान्त का डबल लाल घोडा छाप कच्ची महुआ शराब प्रत्येक में 200 एमएल शराब भरा हुआ तथा एक नीले रंग की प्लास्टिक थैला के अंदर रखे 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 09 लीटर कच्ची महुआ शराब भरा हुआ एवं 05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 03 लीटर कच्ची महुआ शराब भरा हुआ कुल जुमला 27.400 बल्क लीटर शराब कीमती 5160 रूपए को आरोपी के कब्जे मे रखा होना पाया गया। आरोपी से बरामद शराब को रखने व बेचने के संबंध मे वैध कागजात/लायसेंस की मांग करने पर आरोपी द्वारा कोई कागजात नही होना बताया। प्रकरण में आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पायें जाने पर थाना देवभोग मे अपराध क्रमांक 168/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यावाही में थाना देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

### अस्पताल में वार्ड ब्वाय...

दिया। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और रात में एक पुलिसकर्मी की डयुटी अस्पताल परिसर में लगाने का आश्वासन दी। विरोध प्रदर्शन करने के दौरान डॉ. तेजेंद्र साहू, डॉ. राजकुमार वर्मा, एसपी देवांगन, चमेली सिंह, ललिता गोस्वामी, डिंपल विनायक, देवकी साहू, खिलेश्वरी साहू, लता बघेल, जानकी साहू, निवेदिता महिपाल, संतोषी बंजारे, विमला देवांगन, चित्ररेखा, फागुराम साहू, रामअवतार यदु, एमएस पाल, महेंद्र साहू, पियुष राजपूत, रेवा ध्रुव, दुष्यंत साहू, रजत कंसारी, कुंवर ध्रुव, महेंद्र दीवान, गिरधारी ध्रुव आदि शामिल थे।

### नियमों को ताक पर रख बिना मापदंड के स्कूलों का किया जा रहा मर्ज

# ऐतिहासिक मान्यता के स्कूलों को मर्ज करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऐतिहासिक मान्यता के स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर अन्य स्कूलों में मर्ज किए जाने का विरोध करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने सरकार के इस कृत्य को जनभावनाओं से खिलवाड़ बताया है। साथ ही आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

श्री चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खट्टी के प्राथमिक शाला का स्थापना ब्रिटिश शासन काल के दौरान सन 1899 में हुआ है। इस स्कूल में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया।

ग्राम के वरिष्ठ बुजुर्गों के अनुसार इस स्कूल के लिए यहां के मालगुजार डागा परिवार द्वारा भूमिदान किया था। स्कूल स्थापना के बाद खट्टी सहित क्षेत्र के 40 ग्रामों के छात्र यहां अध्ययन करने आते थे। स्कूल की ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए 1999 में इस स्कूल के शताब्दी वर्ष मानने के लिए शासन ने 50 हजार रुपए प्रदान किए थे। साथ ही इस स्कूल के ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए शासन ने इसे ऐतिहासिक धरोहर मानकर 4 लाख 95 हजार रुपए अनुदान स्वरूप प्रदान किया था। ताकि स्कूल का रखरखाव सुव्यवस्थित रूप से हो सके। ऐसे ऐतिहासिक स्कूल को किस आधार पर कन्या शाला के साथ मर्ज किया जा रहा है, इस पर प्रशासन अपनी नियत स्पष्ट करें। क्योंकि युक्तियुक्तकरण नियम के कंडिका क्रमांक 6 में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी ऐतिहासिक, पुरातन मान्यताओं से जुड़े स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाए।



यदि खट्टी के इस ऐतिहासिक स्कूल को शासन के आदेश पर युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज किया जा रहा है तो यह भाजपा सरकार की दोहरी चरित्र को दर्शाती है, इससे भाजपा सरकार की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट नजर आ रहा है। भाजपा को लोगों की आस्था, उनकी भावनाओं से कोई सरोकार नहीं। और यदि शासन के आदेशों का उल्लंघन कर प्रशासनिक अधिकारी अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की नियत से इस ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज करने में तुली है तो इस तानाशाही पूर्ण कार्रवाई से यही सिद्ध होता है कि प्रशासन को सरकार का भय नहीं है।

सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं है। अधिकारी अपना अलग शासन चला रहा है। नियमों अनदेखी कर ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज किया गया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण तथा हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के गलत नीति, मनमानी पूर्ण कार्रवाई, तानाशाही रवैए के विरोध में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## बीमा से राशि मांगने वाले पटवारी की शिकायत

**सरायपाली।** फसल बीमा के नाम पर किसानों से बीमा के 20 प्रतिशत राशि की मांग करने वाले पटवारी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा उनका स्थानांतरण किया गया है। ज्ञात हो कि विगत दिनों समाधान शिविर गेर्रा में कुछ किसानों हेमंत साहू, जितेंद्र प्रधान, विद्याधर साहू, लिंगराज बरिहा आदि के द्वारा पटवारी सागर गिरी गोस्वामी और ग्राम सेवक पैंकरा के द्वारा किसानों से फसल बीमा राशि से 20 प्रतिशत वसूली किये जाने की शिकायत की गई थी। साथ ही किसानों ने कहा था कि इस गैरकानूनी वसूली से उन्हें मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और प्रशासनिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

शिविर प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए उनके द्वारा निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। कलेक्टर महासमुंद ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सरायपाली को जांच के लिए सौंपा था। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सरायपाली ने ग्रामीणों से संपर्क कर प्रत्यक्ष रूप से तथ्यों की पुष्टि की। जांच में जबरन वसूली के आरोप साबित होने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटवारी का स्थानांतरण कर दिया है।

## सफाई कर्मचारियों का आंदोलन आज से



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में कार्यरत सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगे पूरी नहीं होने पर 15 जून से आंदोलन करेंगे। जिला सचिव मानिकलाल टंडन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में पिछले 15 वर्षों से 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी कार्यरत है। स्कूलों में केवल 2 घंटे साफ सफाई करना निर्धारित है परंतु अधिकांश स्कूलों में भृत्य, चपरासी नहीं होने के कारण उनके सभी काम कर्मचारियों को करना पड़ता है। काम के एवज में केवल प्रतिमाह 3000 से 3400 मानदेय भुगतान किया जाता है। जो कि इस महंगाई भरे दौर में इतने कम रुपए में अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर पाते हैं। संघ की मांगों को लेकर पिछले 15 वर्षों से मांग करते आ रहे हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के द्वारा घोषणा पत्र में 50% वेतन वृद्धि और संघ की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। जो कि आज पर्यंत तक मांगे पूरी नहीं होने के कारण संघ के कर्मचारियों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। इसके चलते 2 जून को ब्लॉक मुख्यालय, 6 जून को जिला मुख्यालय और 10 जून को प्रदेश मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करके संघ के मांगों को पूरा किए जाने को लेकर ज्ञापन सौपा गया है परंतु शासन प्रशासन के द्वारा संज्ञान में नहीं लिए जाने के कारण 15 जून से प्रदेश भर के स्कूल सफाई कर्मचारी काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहेंगे। सरगुजा संभाग के कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि 30 जून तक संघ की मांगों पर निराकरण नहीं होने पर 1 जुलाई को जशपुर स्थित मुख्यमंत्री के बगिया निवास का घेराव किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ के 36 शिक्षकों की उदीम पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम-सीखने-सिखाने का एक प्रयास का विमोचन व लेखक शिक्षकों का सम्मान शुक्रवार को वृंदावन हॉल रायपुर में रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम में पुस्तक के संयोजक लोकेश वर्मा, संपादक भारती वर्मा व सह सम्पादक सईदा खान सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नवाचारी शिक्षकों को संबोधित करते हुए विधायक सुनील सोनी ने कहा कि नवाचारी गतिविधियों आधारित पुस्तक उदीम में बालवाड़ी स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक के बच्चों को अंक, अक्षर व मात्रा ज्ञान, भाषायी कौशल, गणितीय कौशल, विज्ञान के सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को रुचिकर बनाने, अनुपयोगी व कबाड़ के वस्तुओं से उपयोगी व सजावटी वस्तु निर्माण की कला, बांस कला, मिट्टी कला ,प्रिंट रिच वातावरण, खेल-खेल में शिक्षा, वातावरण को हरितम समृद्ध करने पर्यावरणीय शिक्षा, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा आदि पर रोचक तरीके से गतिविधियों को शामिल किया गया है जिसके द्वारा बच्चों को एक आनंददायी वातावरण में अपेक्षित अधिगम लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाया जा सकता है। पुस्तक का संयोजन शिक्षक लोकेश वर्मा एवं संपादन शिक्षिका भारती वर्मा व सह संपादन व्याख्याता सईदा खान के द्वारा किया गया है। शिक्षक खोमन सिन्हा लगातार अपने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों जैसे गायन क्षेत्र, पठन-पाठन, लेखन, बच्चों के समग्र विकास पर कार्य करते रहते है जो अन्य शिक्षकों के लिए मिल के पत्थर के रूप में साबित हो रहा है। लेखक मंडल में शीतल बैस, शीला गुरु गोस्वामी, ऋतू वर्मा, नीतिका जेकब, अराधना वर्मा, अर्चना साहू, संध्या पैकरा, कविता सरशीहा, निहारिका तिवारी, नीलम वर्मा, ऋचाबाला गुप्ता, योगेश्वरी साहू, गीता साहू, चन्दा सिन्हा, मोनू गुप्ता, भुनेश्वरी साहू, बिंदु वर्मा, शकुन्तला साहू, संतोषी डनसेना, सरोजनी देवी वर्मा, सीमा जायसवाल, सुनीता साहू, सुमन जार्ज, सुमिता शर्मा, हर्षलता मिश्रा, पुष्पा शर्मा, योगेश्वर साहू, महादेव प्रसाद जायसवाल, रूद्रकुमार शर्मा, कलेश्वर साहू, राजेश यादव, उमाशंकर साहू, मुकेश रैकवार व खोमन सिन्हा शिक्षक शामिल है।

**जायजा : कलेक्टर ग्राम धरमपुर एवं बिरोडार पहुंचे, हितग्राहियों से की चर्चा**

# जनमन योजना से पक्के मकान का सपना हो रहा पूरा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शनिवार को कमार बाहुल्य गांवों में पहुंचकर कलेक्टर बीएस उइके ने पीएम जनमन आवास योजना का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत खरखरा के आश्रित ग्राम धरमपुर एवं ग्राम पंचायत देवरी के आश्रित ग्राम बिरोडार पहुंचकर विशेष पिछड़ी जनजाति कमार हितग्राहियों के नव-निर्मित आवास एवं निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया। साथ ही हितग्राहियों से आवश्यक चर्चा भी की। उक्त आवास प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ है, जो विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए समर्पित एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह पहल न सिर्फ सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन में एक नया उजाला लाने का कार्य भी कर रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हितग्राही परिवार से भेंट की और उनके आवास की गुणवत्ता, सुविधा और संतुष्टि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गांव के अन्य लोगों को भी स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों को तेजी से पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने तत्पर है

कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के पीवीटीजी समुदायों को सशक्त किया जा रहा है जो मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे हैं। यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, जनपद सीईओ छुरा सतीश चन्द्रवंशी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर उइके ने धरमपुर के तीनज बाई कमार, देवलाल कमार एवं बिरोडार के फुलसिंह, मंटोरा एवं हुमन कमार से भी संवाद किया। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनमन के तहत आवास की सुविधा के संबंध में चर्चा की। साथ ही खेती-किसानी, आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी से शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और कहा कि शासन-प्रशासन लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने तत्पर है।



### पीएम जनमन योजना से मिली सहारा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बताया कि यह आवास प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्मित हुआ है। जिसके माध्यम से समाज के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार सदस्यों को आवास सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना इन समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हितग्राहियों ने आवास की सुविधा मिलने पर केन्द्र और राज्य शासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पहले उनके पास अपना पक्का मकान नहीं था और उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री जनमन योजना की सहायता से बने इस घर से उन्हें और उनके परिवार को अब एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला है। हितग्राहियों ने बताया कि गरीबी के कारण अपने खुद का घर बनाने का सपना अधूरा था। शासन की योजना से पीएम जनमन के तहत आवास बनाने के लिए दो लाख रूपये की आर्थिक सहायता मिली है। जिससे अब पक्के मकान का सपना पूरा हो गया है। अब बारिश में कच्ची छतों से पानी टपकने की चिंता भी दूर हो गई है।

## मजदूरों की रूकी हुई पेंशन को शीघ्र दिए जाने की मांग

**फिंगेश्वर।** रेवाराम साहू अध्यक्ष एवं गैंद लाल साहू प्रदेश महामंत्री जय छत्तीसगढ़ लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग मजदूर संघ ने नया रायपुर स्थित इन्द्रावती भवन जाकर पेंशन एवं भविष्य निधि संचालक कार्यालय में अधिकारियों से मुलाकात कर सिंचाई विभाग में कार्यरत मजदूरों की रुकीं हुईं पेंशन को शीघ्र दिये जाने की मांग करते हुए विस्तृत से चर्चा की।

श्री साहू कहा है कि जल संसाधन संभाग गरियाबंद में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशनुसार 14.08. 2008 को दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को कार्यभारित स्थापना में सांख्येतर पद सृजित कर नियमित किया गया है,जिसमें से बहुतायत कर्मचारी श्रमिक अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने के कारण सेवानिवृत्त हो गए हैं,इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मासिक पेंशन नियमित रूप से शासन से भुगतान किया जा रहा है।छत्तीसगढ़ शासन वित्त निर्देश 08.2018 के निर्देशानुसार विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारीयों श्रमिकों से पुरानी पेंशन प्राप्त करने का फॉर्म भरवाया गया है।इन कर्मचारियों के मासिक वेतन एनपीएस में काटी गई राशि को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के बाद उनके खाते में डाला गया है, किंतु मार्च 2024 से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारीयों, श्रमिकों को एनपीएस की राशि का भुगतान संचालक संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि इंद्रावती भवन नवा रायपुर में लक्ष्मण साहू, सुमेरराम निषाद,बलराम यादव, कन्हैयालाल ध्रुव, सुकालू राम साहू, खेदुराम साहू, चिंताराम सिन्हा खोरबहराराम साहू, लक्ष्मी गुप्ता, भेखराम गुप्ता, गंभीर साहू, मन्नू राम वर्मा, नारायण लाल सिन्हा, गैंदुराम ध्रुव, लक्ष्मण वर्मा,प्रेमलाल सिन्हा,पुनीतराम साहू, चमारराम निषाद, देवसिंह विश्व कर्मा, कृपाराम ध्रुव, श्यामा बाई, भोलाराम साहू, तिलोचन साहू, अवधराम साहू, देवसिंह साहू, रेखाबाई, सनातन निषाद, घनाराम साहू, नेहरू साहू, गोवर्धन साहू का पेंशन लंबित है। विगत दिनों इंद्रावती भवन नवा रायपुर में गैंदलाल साहू प्रदेश महामंत्री द्वारा किरन जे नागेश एवं नगेन्द्र ठाकुर सहित संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि से व्यक्तिगत भेंट कर चर्चोपरांत लंबित एनपीएस की राशि को यथाशीघ्र जारी करने का प्रस्ताव रखा। उक्त संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं ओपी चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को संघ का पत्र प्रेषित कर यथाशीघ्र भुगतान कराने निवेदन



## भेंडरी में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**भेण्डरी।** भेंडरी गांव में हेमलु पिता दुकालु तेली द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटा दिया गया है। नायब तहसीलदार चित्रसेन साहू और सरपंच राजेश्वरी पटेल के आदेश पर, पुलिस बल की मौजूदगी में एक दीवार को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। यह जानकारी यादराम साहू ने दी।

## सत्ता अब शासन नहीं सेवा का माध्यम : बृजमोहन

**महासमुंद।** केंद्र सरकार में पीएम मोदी के 11 साल पूरे होने को लेकर बीजेपी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सेवा काल बताते हुए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बीजेपी कार्यालय में प्रेसवार्ता ली। सांसद अग्रवाल ने प्रेस वार्ता की शुरुआत में अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे के दिवंगतों के लिए शोक जताया। प्रेसवार्ता में उन्होनें कहा कि कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल बन रहा है। हम बदले की राजनीति नहीं, बदलाव की राजनीति करते हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि बीते 11 वर्षों की यह यात्रा मोदी ने अकेले नहीं, बल्कि खुद को तपा कर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों का परवान देते हुए की है। मोदी के सरकार का कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है।

## ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने समर कैंप से बच्चों के लिए मिसाल कायम की : साहू

**नवापारा-राजिम।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए चलाए जा रहे समर कैंप का समापन नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप में बच्चों को विभिन्न विषय और क्षेत्रों के बारे में बड़ी जानकारी दी गईं। इस दौरान 120 प्रशिक्षु विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों का न केवल सर्वांगीण विकास होता है बल्कि वे अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र के प्रति सजग एवं समर्पित रहना सीखते हैं। ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी पुष्पा दीदी ने शुभभावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को नैतिक मूल्यों के आधार पर अपने परिवार, समाज और देश को नई दिशा देनी है और उन्हें ऊंचाइयों तक ले जाना है। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक एवं अध्यापक बीके बिसाहू भाई एवं सेवक राम द्वारा बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के बारे में ज्ञान दिया गया। गणित, कला, नृत्य, शारीरिक व्यायाम के साथ ब्रह्माकुमारी दीदीयों ने अमूल्य शब्दों से बच्चों को अध्यात्म के साथ जोड़ते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी।

- नपा अध्यक्षा ने 120 शिविरार्थी प्रशिक्षुओं का किया सम्मान





### बच्चों के सर्वपक्षीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान

बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा अपनी योग्यता को प्रस्तुत किया। बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद ललिता अग्रवाल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरोंडा , सेवानिवृत प्राचार्य प्रफुल्ल दुबे, नीलकंठ साहू, वार्ड पार्षद लोमेश्वरी साहू ने इस प्रकार ब्रह्माकुमारी संस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा समर कैंप लगाकर संस्था ने एक नई मिसाल कायम की, जिसने बच्चों के सर्वपक्षीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ब्रह्माकुमारी प्रिया दीदी, हेमा दीदी ने समस्त अतिथियों का ईश्वरीय सौगात भेंटकर सम्मानित किए।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
एंडोसोनोग्राफी/
एंडोअल्ट्रासाऊंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं हिपेटोलॉजी विभाग
• पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
• पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## मारपीट के चार आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढालम में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

डिंपल्स
कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

# मोदी के 11 साल, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इस दौरान सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का कार्य किया है। उक्त बातें शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में आयोजित प्रेसवार्ता में छत्तीसगढ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कही।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लगभग 60 वर्षों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन उस काल में गरीबों, किसानों और मजदूरों के जीवन में सार्थक सुधार नहीं हुआ। वहीं भाजपा सरकार ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है। मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षा, आर्थिक सुधार और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक काम किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचा है। गांव, गरीब, किसान सहित वर्ग का समूचित विकास के साथ लोगो के जीवन में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था को बढ़ावा दिया है। नई आर्थिक नीतियों से उद्योगों को बल मिला है। मोदी के नेतृत्व में भारत केवल आगे नहीं बढ़ा, बल्कि आत्मनिर्भरता, गरिमा और सम्मान के साथ आगे बढ़ा है।




### आतंकवाद और नक्सलवाद पर निर्णायक कार्यवाही हुई है

प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने भारत की सामरिक ताकत का परिचय दिया। अब आतंकी घटनाओं पर केवल निंदा नहीं, बल्कि ठोस जवाब दिया जाता है। नक्सलवाद में भी 70 प्रतिशत तक की कमी आई है, और मार्च 2026 तक नक्सलवाद के पूर्ण सफाए का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत को विश्व मंच पर सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत मध्यस्थता की भूमिका में भी उभर कर सामने आया है। पत्रकारवार्ता में विधायक रोहित साहू, राज्य भण्डारगृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, मिडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी भी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाबेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-73544-11411